Bareilly Monday
11 March 2024
BAREILLY EDITION
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 05 MIDDLE

'लेट मैरिज से बढ़ रही फर्टिलिटी की प्रॉब्लम'

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 March): एसआरएमएस मेडिकल कालेज के सहयोग और फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन सोसाइटी की ओर से संडे को ओंकोफर्टिलिटी पर सीएमई आयोजित की गई. इसमें कैंसर जैसी बीमारी और प्रीजर्विंग फर्टिलिटी, अवेयरनेस टू एक्शन विषय पर देश के नामचीन विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए. इनॉग्रेशन सत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कॅरियर और देर से विवाह से बढ़ रही फर्टिलिटी की समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि इस विषय से संबंधित भ्रांतियों को समाज से दूर करना आवश्यक है. तमाम कारणों से आज स्पर्म और ओवम को सुरक्षित रखना ज्यादा आवश्यक हो गया है. कैंसर से निजात के बाद भी घर में संतान हो सकती है. इसके बारे में जानकारी देना जरूरी है.

कार्यक्रम में उपस्थित लोग.

संस्था के बारे में बताया

सरस्वती वंदना के बाद आरंभ हुए सीएमई के उद्घाटन सत्र में देव मूर्ति ने कहा कि आज बीमारियां बढ़ रही हैं. इन बीमारियों के साथ साथ फर्टिलिटी संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं लेकिन इससे भी ज्यादा इससे जुड़ी हुई भ्रांतियां लोगों के मन में हैं. इन्हें दूर करना आवश्यक है. फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन सोसाइटी आफ इंडिया की प्रेसिडेंट डॉ. माधुरी पाटिल ने फर्टिलिटी सोसायटी की जानकारी दी. फर्टिलिटी संबंधी दिक्कतों पर काम करने वाली संस्था के बारे में बताया.